DIGITAL - EPAPER

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 37 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - बुधवार, 23 जुलाई 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## धनखड़ के इस्तीफे पर गहलोत का सवाल– क्या कोई बड़ा राजनीतिक मूव चल रहा है?

### राजस्थान के सपूत को इस्तीफा देना पड़ा, दुखद है

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर**



पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के अचानक इस्तीफे को लेकर केंद्र सरकार और आरएसएस पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने इस घटनाक्रम को ÷चौंकाने वाला÷ बताते हुए आशंका जताई कि कहीं कोई बड़ा राजनीतिक मूव तो नहीं चल रहा जिसे जनता से छुपाया जा रहा है।

गहलोत ने कहा कि राजस्थान के लोगों को गहरा धक्का लगा है क्योंकि धनखड़ राज्य के सपूत हैं और हमेशा किसानों की आवाज बने रहे। संसद के भीतर और बाहर वे किसान मुद्दों को प्रमुखता से उठाते थे। ऐसे व्यक्ति का अचानक इस्तीफा देना सामान्य नहीं लगता। उन्होंने कहा, जयराम रमेश ने ठीक कहा कि प्रधानमंत्री को उन्हें मनाना चाहिए। मैं भी चाहूंगा कि अगर इस्तीफा वापस लेने की गुंजाइश हो तो प्रधानमंत्री स्वयं आगे आएं।

गहलोत ने दोहराया कि उन्होंने पहले भी कहा था कि लोकसभा अध्यक्ष और उपराष्ट्रपति दबाव में हैं, जिसे उस समय खारिज किया गया था। अब अचानक इस्तीफा सामने आया है, जिससे शक और गहरा हो गया है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या सरकार उन्हें विदाई भी नहीं देने जा रही? अगर ऐसा है तो यह और भी चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य कारणों का हवाला देकर इस्तीफा देना जनता को गले नहीं उतर रहा। ÷इतिहास में ऐसा पहली बार हो रहा है। प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति के स्वास्थ्य कारणों के बावजूद कभी इस्तीफा नहीं हुआ। गहलोत ने इसे सिर्फ संवैधानिक पद से हटना नहीं, बल्कि राजनीतिक हलचलों की आहट बताया और कहा– वक़्त आने पर असलियत सामने आएगी।

## तांत्रिक के बहकावे में आकर चाचा ने दी भतीजे की बलि, पत्नी को वश में करने के लिए ली मासूम की जान



मुंडावरः पुलिस हिरासत में तांत्रिक और चाचा

**भीलवाड़ा फोकस @ मुंडावर**

पत्नी को वश में करने की खौफनाक चाह में एक युवक हैवान बन गया। छह साल के मासूम भतीजे की बलि देकर तांत्रिक अनुष्ठान करने की साजिश रची। खंडहर में ले जाकर पहले गला दबाया, फिर शव से खून निकालने के लिए कई बार इंजेक्शन लगाए। शव को चारे में छुपा दिया गया। मामला अलवर जिले के मुंडावर थाना क्षेत्र के सरायकला गांव का है। पुलिस ने आरोपी चाचा और एक तांत्रिक को गिरफ्तार किया है।

थाना प्रभारी महावीर सिंह शेखावत ने बताया कि मृतक बालक की पहचान लोकेश (6) पुत्र बिंटू प्रजापत के रूप में हुई है। लोकेश 19 जुलाई को दोपहर से लापता था। सूचना पर पुलिस ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया और रात करीब 8 बजे घर के पास ही बने एक पुराने खंडहर से चारे के ढेर में बच्चे का शव बरामद किया।

### चाचा और तांत्रिक की साजिश का हुआ खुलासा

जांच में सामने आया कि लोकेश को आखिरी बार उसके चाचा मनोज (26) के साथ देखा गया था। पूछताछ में मनोज ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। उसने बताया कि उसकी पत्नी, जो कि मृतक की सगी मौसी है, उसकी नशे की लत से परेशान होकर 15 दिन पहले पीहर चली गई थी।इस बीच वह एक तांत्रिक सुनील (40) के संपर्क में आया। तांत्रिक ने पत्नी को वापस लाने के लिए तंत्र क्रिया के नाम पर 12 हजार रुपए लिए और बच्चे की बलि देकर खून व कलेजा लाने की



मुंडावरः मृतक लोकेश

शर्त रखी।

### मासूम से करवाई बीड़ी की खरीद, फिर ले गया मौत के मुंह में

मनोज ने लोकेश और उसकी बहन को बीड़ी और कुरकुरे लाने के लिए पैसे दिए। सामान लाने के बाद बहन तो घर लौट आई, लेकिन लोकेश को वह बहाने से पास ही बने खंडहर में ले गया। वहां उसने गला घोंटकर हत्या की और शरीर से खून निकालने के लिए इंजेक्शन लगाए।


पुलिस ने मौके से इंजेक्शन भी बरामद कर लिए हैं। पूछताछ में पता चला कि शव को चारे में इसलिए छुपाया गया ताकि बाद में मौके देखकर तांत्रिक को बलि का सामान सौंपा जा सके।


### तीन दिन में खुला हत्या का राज, दोनों आरोपी गिरफ्तार

21 जुलाई को पुलिस ने मनोज को हिरासत में लेकर पूछताछ की, तो पूरी साजिश का खुलासा हुआ। इसके बाद तांत्रिक सुनील को भी गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने हत्या, साजिश, और तांत्रिक गतिविधियों से जुड़ी धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## पाली में देर रात डकैती, बुजुर्ग महिला से भिड़े 5 लुटेरे , सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

**भीलवाड़ा फोकस @ पाली**



जिले के बगड़ी कस्बे में बीती रात लूट की एक सनसनीखेज वारदात हुई, जिसमें 75 वर्षीय बुजुर्ग महिला ने पांच बदमाशों से डटकर मुकाबला किया। घटना कागों की ढीमड़ी में रहने वाली अमृतादेवी सीरवी पत्नी बोहराराम के घर की है। रात करीब 1 बजे घर में खाट पर सो रही वृद्धा की नींद अचानक कुछ आवाजों से खुली। आंख खुलते ही उन्होंने खुद को पांच नकाबपोश लुटेरों से घिरा पाया। बदमाश महिला के पहने हुए सोने की कंठी, टॉप्स और अन्य जेवरात लूटने की कोशिश कर रहे थे।


अमृतादेवी ने साहस दिखाते हुए न केवल लुटेरों से हाथापाई की, बल्कि एक लुटेरे को पकड़ भी लिया। लेकिन उसके साथी ने मारपीट कर छुड़ा लिया और उन्हें खाट से नीचे गिरा दिया। संघर्ष के दौरान महिला को मामूली चोटें आईं। लुटेरे महिला के गहने लेकर भाग गए, हालांकि वे घर के अंदर नहीं घुस सके। इस पूरी वारदात की तस्वीरें घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई हैं। फुटेज में सभी पांच लुटेरे चेहरे ढंके हुए नजर आ रहे हैं। घटना के वक्त महिला का बेटा तिलोक राम और उसका परिवार मकान के दूसरे हिस्से में सो रहा था। सूचना पर बगड़ी थाना प्रभारी, सोजतरोड थाना प्रभारी जबर सिंह व सीओ सोजत जेठू सिंह मौके पर पहुंचे और छानबीन की। सोजत सहित आसपास के इलाकों में नाकाबंदी करवाई गई, लेकिन लुटेरों का अब तक कोई सुराग नहीं लगा है। घटना को लेकर क्षेत्र में दहशत व आक्रोश का माहौल है। सीरवी समाज के प्रदेश महासचिव भंवरलाल ने कहा कि बगड़ी क्षेत्र में लगातार आपराधिक घटनाएं हो रही हैं, लेकिन पुलिस अब तक किसी भी मामले का खुलासा नहीं कर पाई है। यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो समाजजन धरना-प्रदर्शन करेंगे।

## बेरिसाल में बड़ा हादसाः रोडवेज बस की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत

### आंखों का इलाज कर लौट रहे थे गांव, संतुलन बिगड़ने से चपेट में आए

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**





( **रमेश गुर्जर** ) । थाना क्षेत्र के बेरिसाल कट पर मंगलवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में 78 वर्षीय बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा उस समय हुआ जब वे भीलवाड़ा से कोटा जा रही रोडवेज बस से बेरिसाल में उतरने की कोशिश कर रहे थे।

हेड कांस्टेबल लक्ष्मण सिंह ने जानकारी दी कि मृतक की पहचान मोती सिंह पिता शोभाग सिंह राजपूत , उम्र 78 वर्ष, निवासी बेरिसाल के रूप में हुई है। मोती सिंह आंखों की जांच के लिए रविवार को भीलवाड़ा गए थे, जहां उन्होंने डॉक्टर को दिखाया और बेटी फोरी कंवर के घर रुके थे।

मंगलवार सुबह गांव लौटते समय जैसे ही बस बेरिसाल कट के पास पहुंची, उन्होंने चलती बस से उतरने की कोशिश की, इस दौरान संतुलन बिगड़ गया और वे नीचे गिर पड़े। बस के पिछले पहिए की चपेट में आने से उनका सिर कुचल गया, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई।

मृतक के पुत्र हिम्मत सिंह ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि हादसा चालक की लापरवाही से हुआ या परिस्थितिजन्य था। पुलिस सभी पहलुओं से जांच कर रही है, जिसमें बस की गति, चालक की सतर्कता और यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था जैसे बिंदुओं को ध्यान में लिया जा रहा है

घटनास्थल पर यात्रियों व ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई थी। शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सुपुर्द किया गया है ।

मृतक अपने पीछे दो पुत्र और चार पुत्रियों का परिवार छोड़ गए हैं। गांव में घटना को लेकर गहरा शोक है।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित



भीलवाड़ा फोकस @ आकोला

(रमेश चंद्र डाड) - सिंगोली चारभुजा राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में हरियालो राजस्थान - एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण हुआ। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक प्रदीप कुमार सिंह रहे। अध्यक्षता पंचायत प्रशासक राकेश कुमार आर्य ने की। विशिष्ट अतिथि अजीत सिंह, राजेंद्र सिंह पुरावत, राधेश्याम सेन और राजेंद्र कुमार मौजूद रहे।

# भीलवाड़ा में गणेश महोत्सव की तैयारियां शुरू, 25 जुलाई से प्रतिमा पंजीयन

## 32 वर्षों से कर रही है सेवा श्री गणेश उत्सव प्रबंध एवं सेवा समिति

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

श्री गणेश उत्सव प्रबंध एवं सेवा समिति, भीलवाड़ा द्वारा आगामी 10 दिवसीय गणपति महोत्सव की तैयारियां जोरों पर हैं। समिति बीते 32 वर्षों से सामाजिक और धार्मिक सेवा में सक्रिय है और इस वर्ष भी इको-फ्रेंडली गणपति प्रतिमाएं तैयार करवा रही है।

समिति के मीडिया प्रभारी महावीर समदानी ने बताया कि प्रतिमाएं इंदौर से आए मूर्तिकार बृजमोहन व उनके पांच सदस्यीय दल द्वारा स्थानीय स्तर पर बनाई जा रही हैं। प्रतिमाएं 1 फीट से 5 फीट तक की होंगी और काली मिट्टी, चिकनी मिट्टी व प्राकृतिक रंगों से तैयार की जा रही हैं ताकि विसर्जन के दौरान जल प्रदूषण न हो।




पंजीयन प्रक्रिया 25 जुलाई से आरसी व्यास कॉलोनी स्थित अपनाघर वृद्धाश्रम में शुरू होगी। केवल पूर्व पंजीयन कराने वाली समितियों को ही 27 अगस्त बुधवार गणेश चतुर्थी के दिन प्रतिमा दी जाएगी। समिति के अध्यक्ष उदयलाल समदानी व कोषाध्यक्ष सुभाष अग्रवाल की देखरेख में तैयारियां चल रही हैं।

# पंचमुखी दरबार मंदिर में रात के समय चोरी का प्रयास, सीसीटीवी में कैद हुई संदिग्ध गतिविधि

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

शहर सहित मेवाड़ अंचल की आस्था के केंद्र प्राचीन श्री पंचमुखी दरबार मंदिर में बीती रात अज्ञात युवकों द्वारा चोरी का प्रयास किया गया। हालांकि वे मंदिर में प्रवेश करने में असफल रहे, लेकिन पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है। मंदिर महंत त्यागी लक्ष्मण दास ने बताया कि बीती रात पांच युवक कब्रिस्तान की ओर से मोटरसाइकिल पर मंदिर के पीछे आए। इनमें से तीन युवक मोटरसाइकिल लेकर आगे निकल गए, जबकि दो युवकों ने मंदिर में प्रवेश का प्रयास किया, लेकिन वे विफल रहे।



महंत के अनुसार, यह संभवतया बड़ी चोरी की पूर्व रैकी हो सकती है और भविष्य में किसी गंभीर वारदात की आशंका जताई गई है। उन्होंने कहा कि मंदिर क्षेत्र में पुलिस गश्त का अभाव ऐसी घटनाओं को बढ़ावा दे सकता है।

महंत लक्ष्मण दास ने पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव से मंदिर परिसर क्षेत्र में नियमित पुलिस गश्त की मांग की है ताकि श्रद्धालुओं की आस्था के इस केंद्र को सुरक्षित रखा जा सके।

# स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर जिला स्तरीय बैठक आयोजित, फ्लैगशिप योजनाओं की भी हुई समीक्षा

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देशानुसार अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रशासन) ओमप्रकाश मेहरा की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में एडीएम मेहरा ने सभी विभागों को समयबद्ध तैयारियां पूरी करने, कार्यक्रम स्थल की सजावट, मंच, सुरक्षा, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, परेड, साफ-सफाई व यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस गरिमामय और अनुशासित ढंग से आयोजित हो, यह सुनिश्चित किया जाए। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी व ग्रामीण), मिशन इन्द्रधनुष, पीएम स्वनिधि, पीएम मातृ वंदना योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, विश्वकर्मा योजना और पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति की समीक्षा की गई। सभी योजनाओं के लाभ आमजन तक पहुँचाने और जागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिए गए। बैठक में एडीएम सिटी प्रतिभा देवटिया, एडिशनल एसपी पारस जैन, जिला परिषद सीईओ चंद्रभान सिंह भाटी, यूआईटी ओएसडी चिमनलाल मीणा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



# छात्रसंघ चुनाव बहाली की मांग तेज, बदनोर कॉलेज के छात्रों ने सौंपा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन

भीलवाड़ा फोकस @ बदनोर

प्रदेशभर में छात्रसंघ चुनाव बहाली की मांग को लेकर विद्यार्थियों का आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को राजकीय महाविद्यालय बदनोर के छात्रों ने छात्रसंघ चुनाव जल्द कराने की मांग को लेकर तहसील कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम ज्ञापन सौंपा। छात्रों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द चुनाव प्रक्रिया शुरू नहीं की गई, तो वे उग्र आंदोलन और विधानसभा घेराव जैसा कदम उठाने को मजबूर होंगे।

छात्र नेताओं ने बताया कि वे पिछले दो वर्षों से चुनाव कराने की मांग को लेकर ज्ञापन दे रहे हैं, रैलियां निकाल रहे हैं, लेकिन अब तक सरकार की ओर से कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। उनका कहना है कि छात्रसंघ चुनाव राजनीति की पहली सीढ़ी होते हैं और इनका न होना विद्यार्थियों के लोकतांत्रिक विकास व नेतृत्व क्षमता के लिए हानिकारक है।



ज्ञापन सौंपते समय तहसीलदार देवालाल भील को छात्रों ने स्पष्ट रूप से अवगत कराया कि यदि इस बार भी छात्रसंघ चुनाव नहीं कराए गए तो वे आंदोलन की राह पकड़ेंगे। इस दौरान छात्रसंघ के सुनील सिंह रावत, श्याम गुर्जर, लक्षिता, दीक्षिता पूरी, प्रियंका मेघवंशी, पूजा मेघवंशी, पूजा माली, किरण माली, रीना माली, पायल, राजेंद्र सिंह, विक्रम सिंह, पुखराज मेघवंशी सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं।

# शाहपुरा थाना परिसर में पौधारोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

थाना परिसर में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में पहल करते हुए पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल हरियाली बढ़ाना था, बल्कि आमजन को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना भी था। इस अवसर पर हेड कांस्टेबल पांचूलाल मीणा और सोशल मीडिया प्रभारी विट्ठल शर्मा के सान्निध्य में पौधे लगाए गए। आर्मी ऑफिसर मुकेश बंजारा ने पर्यावरण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें अधिक से अधिक पौधे लगाकर पर्यावरण को हरा-भरा बनाना चाहिए, जिससे प्रकृति का संतुलन बना रहे और लोगों को शुद्ध वायु, जल व वातावरण प्राप्त हो सके। पौधों की देखरेख की जिम्मेदारी कांस्टेबल गुलाबचंद और राजेंद्र ने ली है। कार्यक्रम में कांस्टेबल खुसराज, डॉक्टर सौरभ, 108 एम्बुलेंस चालक धनराज, महिपाल गुर्जर, देवीलाल गुर्जर, युवा नेता मोड़ूराम गुर्जर, नानूराम काबरा, संजय पोरवाल, नवल सोनी सहित कई जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता व स्थानीय लोग मौजूद रहे।

'भीलवाड़ा फोकस'
अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।
Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com
BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ



## QUICK BITES

### कोटड़ी में सत्संग के साथ गौसेवा, महिलाओं ने कराया हरा चारा वितरण

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी



एनिमल रेस्क्यू टीम के शेल्टर पर श्रीराम सत्संग मंडल द्वारा सत्संग व गौसेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। महिलाओं ने श्रीराम नाम का जाप करते हुए बीमार गौवंश को हरा चारा खिलाया और सेवा का संकल्प लिया। सत्संग मंडल की ओर से एक कट्टा बांटा भी भेंट किया गया, जिसे पाकर शेल्टर में सेवा कर रहे बच्चों के चेहरे खिल उठे। माताओं ने बच्चों की सेवा भावना की सराहना की। इस अवसर पर आशा मुंदड़ा, उगम सुवालका, गीता बाई, भंवरी सुथार, रुकमा बाई, शांति देवी सहित कई महिलाएं मौजूद थीं। टीम की ओर से सुनील सेन, राजाराम और अर्पित सेन ने सहयोग किया।

### राज्यव्यापी आह्वान पर पंचायतीराज कर्मचारियों का प्रदर्शन, कोटड़ी में सौंपा ज्ञापन

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी



राजस्थान पंचायतीराज मंत्रालयिक कर्मचारी संघर्ष समिति के आह्वान पर मंगलवार को ब्लॉक स्तर पर कर्मचारियों ने सरकार की अनदेखी के खिलाफ विरोध जताया और कोटड़ी बीडीओ व उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ब्लॉक अध्यक्ष मुकेश कुमार पारीक ने बताया कि लंबे समय से लंबित मांगों पदनाम परिवर्तन, कार्य विभाजन, नोशनल लाभ, अंतर जिला स्थानांतरण, और शेष पदों पर नियुक्ति को लेकर सरकार का ध्यान कई बार दिलाया गया, लेकिन समाधान नहीं मिला।पारीक ने विभाग की बदनामी करने वाले संगठनों की आलोचना करते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन देते समय भेरूलाल पाराशर, अनीता लक्षकार, सांवर मल तेली, सत्यनारायण गुर्जर, महावीर सिंह, सुशीला योगी, संतोष सुवालका सहित कई मंत्रालयिक कर्मचारी शामिल रहे।

### अनमोल है समय, इसे व्यर्थ करना सबसे बड़ा पाप हैं' - प्रेम नारायण महाराज

भीलवाड़ा फोकस @ बेंगू



जोगणियामाता शक्तिपीठ में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के पहले दिन मंगलवार को व्यासपीठ से प्रेम नारायण महाराज ने समय के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि किसी का समय नष्ट करना उसकी संपत्ति लेने से भी बड़ा पाप है। उन्होंने समझाया कि धन दोबारा कमाया जा सकता है, लेकिन खोया हुआ समय लौटकर नहीं आता।

उन्होंने सत्संग और प्रभु स्मरण को जीवन का सार बताते हुए कहा कि निरर्थक कार्यों की जगह प्रभु भक्ति और नाम जप को प्राथमिकता दें। सत्संग से जीवन में आध्यात्मिक जागृति आती है, और दुख आत्मशुद्धि का साधन बन सकते हैं।

कार्यक्रम की शुरुआत धारला गांव से निकली भव्य जल कलश यात्रा से हुई, जिसमें कन्हैयालाल मेवाड़ा ने लक्ष्मीनाथ भगवान के विग्रह और भागवत महापुराण को शिर पर धारण कर कथा स्थल तक लाया। सैकड़ों महिलाएं कलश लेकर भक्ति में लीन रही।

संस्थान अध्यक्ष सत्यनारायण जोशी ने बताया कि कथा की पूर्णाहुति 28 जुलाई को संपन्न होगी।

# सरकारी अनदेखी के खिलाफ पंचायतीराज कार्मिकों का मोर्चा, बीडीओ व प्रधान को सौंपा ज्ञापन

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़

पंचायतीराज मंत्रालयिक कर्मचारी संघर्ष समिति जयपुर के आह्वान पर मंगलवार को ब्लॉक स्तर पर प्रदेशभर में पंचायत समिति कार्यालयों में ज्ञापन सौंपे गए। मांडलगढ़ में समिति के ब्लॉक अध्यक्ष हरिशंकर तेली एवं कार्यवाहक अध्यक्ष रमेश कुमार मीणा के नेतृत्व में प्रधान जितेंद्र मूंदड़ा व विकास अधिकारी संगीता व्यास को मुख्यमंत्री, पंचायतीराज मंत्री और विभागीय अधिकारियों के नाम ज्ञापन सौंपा गया।




ज्ञापन में मांग की गई कि मंत्रालयिक कार्मिकों की वर्षों से लंबित मांगों जैसे पदनाम परिवर्तन, कार्य विभाजन, अंतर जिला स्थानांतरण, नोशनल परिलाभ, शेष पदों पर नियुक्ति व ग्रामीण भत्ता सहित सभी मांगों पर शीघ्र निर्णय लिया जाए।

संघर्ष समिति ने कुछ संगठनों द्वारा पंचायतीराज विभाग व 2013 कनिष्ठ लिपिक भर्ती प्रक्रिया को लेकर लगाए जा रहे भ्रामक आरोपों की निंदा करते हुए ऐसे तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

जिला प्रतिनिधि कमलेश गुर्जर ने बताया कि यह आंदोलन चरणबद्ध है। पहले चरण में ब्लॉक स्तर पर ज्ञापन सौंपे गए हैं, जबकि दूसरे चरण में मंगलवार को जिला मुख्यालयों पर अधिकारियों को ज्ञापन दिए जाएंगे। उसके बाद प्रदेश स्तर पर रणनीति तय कर आंदोलन को आगे बढ़ाया जाएगा।

इस दौरान समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश मीणा सहित राधेश्याम अहीर, आशीष कुमार, मुकेश जोशी, रमजान मोहम्मद, रतनलाल जाट, देवीलाल, ज्योति मारू, सुनीता सोडाणी, मंजू तेली, अनीशा बानो, रेनू पारीक, कैलाश धाकड़, फूलचंद मीणा, सत्यनारायण सुथार, मुकेश खटीक सहित अनेक मंत्रालयिक कर्मचारी मौजूद रहे।

# अंग्रेजी माध्यम के बढ़ते रुझान ने घटाया सरकारी स्कूलों का नामांकन

## बिजौलियां क्षेत्र में निजी विद्यालयों का बढ़ता वर्चस्व, सरकारी स्कूलों के लिए बनी चुनौती

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलियां

**रेणु जैन ।** कोरोना के बाद के तीन वर्षों में बिजौलियां क्षेत्र में निजी विद्यालयों की संख्या और उनमें छात्रों के नामांकन में तेज़ी से बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। खासकर अंग्रेजी माध्यम के प्रति अभिभावकों और छात्रों के बढ़ते झुकाव ने हिंदी माध्यम वाले सरकारी स्कूलों की चुनौतियाँ बढ़ा दी हैं।

हाल ही में निदेशालय शिक्षा विभाग ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नामांकन बढ़ाने को लेकर सख्त निर्देश दिए, लेकिन ज़मीनी स्तर पर अपेक्षित सुधार नहीं दिख रहा है।

बिजौलियां नगर में मात्र 6 सरकारी स्कूल हैं, जबकि 16 निजी विद्यालय संचालित हो रहे हैं। इनमें से 8 स्कूल अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा दे रहे हैं, जिनमें लगभग दो हजार से अधिक छात्र नामांकित हैं। हिंदी माध्यम के निजी स्कूल भी अब अंग्रेजी माध्यम की कक्षाएं शुरू कर चुके हैं।

ब्लॉक के ग्रामीण क्षेत्रों में भी निजी विद्यालयों का प्रभाव लगातार बढ़ रहा है। 22 में से 14 ग्राम पंचायतों में निजी स्कूल संचालित हो रहे हैं। वहीं, महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल थड़ोदा में भी अब अच्छा-खासा नामांकन देखने को मिल रहा है। सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की मेहनत, सरकारी योजनाएं और बेहतर परीक्षाफल होने के बावजूद नामांकन में अपेक्षित वृद्धि नहीं हो रही। एक प्रमुख कारण यह है कि निजी विद्यालय पूर्व-प्राथमिक कक्षाओं जैसे नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी से ही बच्चों को जोड़ लेते हैं, जबकि सरकारी स्कूलों में प्रवेश की न्यूनतम आयु छह वर्ष निर्धारित है। वहीं, जिन गाँवों में सरकारी स्कूलों में नामांकन घटा है, वहां ना तो कोई बच्चा ड्रॉपआउट है और ना ही अनामांकित वे सभी निजी स्कूलों में पढ़ रहे हैं।

सरकारी स्कूलों के शिक्षकों का कहना है कि वे जनजागरूकता और समझाइश का प्रयास करते हैं, लेकिन जब अभिभावक इसे ÷स्टेटस सिंबल÷ मानते हुए निजी स्कूल को प्राथमिकता देते हैं, तो वे मजबूर हो जाते हैं। मध्यम, निम्न मध्यम वर्ग और मजदूर तबका भी अब बच्चों को निजी स्कूलों में पढ़ा रहा है, जिससे सरकारी स्कूलों के लिए हर साल 10व नामांकन बढ़ाने का लक्ष्य पूरा करना एक बड़ी चुनौती बन गया है।

# श्रावण मास में शिव मंदिरों में भक्ति की गूंज, कोटड़ी में अमरनाथ जैसे दर्शन

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी

**राजेन्द्र 'बबलू' पोखरना,।**

श्रावण मास के पावन अवसर पर कोटड़ी कस्बे में विभिन्न शिव मंदिरों में विशेष धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। मुख्यालय स्थित श्री चारभुजानाथ मंदिर प्रांगण में स्थापित श्री भीमाशंकर महादेव का मंगलवार को प्रदोष व्रत के दिन विशेष भांग मिश्रित जल से रुद्राभिषेक किया गया। पंडित विष्णु शर्मा के वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ का अभिषेक किया।

इस दौरान शिवभक्तों द्वारा अमरनाथ के बर्फानी बाबा की तर्ज पर शिवलिंग का विशेष श्रृंगार भी किया गया, जिसे देखने श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। आयोजन में राजेंद्र काबरा, गोपाल टेलर, शंकर लक्षकार, प्रहलाद सोनी, भागचंद सोनी सहित कई श्रद्धालु उपस्थित रहे।

इसी प्रकार धर्माऊ तालाब स्थित नीलेश्वर महादेव मंदिर में भी प्रतिदिन अलग-अलग भक्तों द्वारा नियमित अभिषेक किए जा रहे हैं। वहीं चारभुजानाथ मंदिर परिसर स्थित सर्वेश्वर महादेव मंदिर में भोलेनाथ का विशेष श्रृंगार श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।



# 15 हजार बीघा जमीन अधिग्रहण के खिलाफ ग्रामीणों का मोर्चा

## यूआईटी की योजना पर भड़के ग्रामीण, कलेक्ट्रेट पर किया विरोध प्रदर्शन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

नगर विकास न्यास यूआईटी के प्रस्तावित मास्टर प्लान के विरोध में मंगलवार को आठ गांवों के ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट के बाहर प्रदर्शन किया। इस दौरान पालड़ी, गोविंदपुरा, इंद्रपुरा, तेलीखेड़ा, देवखेड़ी, सांगानेर व तस्वारिया से पहुंचे ग्रामीणों ने ÷हमारी जमीन, हमारा अधिकार÷ जैसे नारे लगाते हुए मास्टर प्लान को तुरंत निरस्त करने की मांग की।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि नई योजना में अनावश्यक रूप से 1200 फीट चौड़ी सड़क प्रस्तावित की गई है, जो खेती योग्य निजी भूमि से होकर निकाली जा रही है, जबकि सरकारी जमीनों पर सड़क चौड़ाई घटा दी गई है। पूर्व




सरपंच देवेंद्र सिंह ने कहा कि करीब 15 हजार बीघा भूमि को नर्सरी और उद्यानों के लिए प्रस्तावित करना अव्यावहारिक है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि 5 दिन में विवादित जोनल प्लान रद्द नहीं किया गया तो यूआईटी कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा। प्रदर्शन में कुछ राजनीतिक दलों व सामाजिक संगठनों ने भी समर्थन जताया।

# धर्म के लिए समय का इंतजार नहीं करें: राकेश मुनि

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी**

**राजेन्द्र 'बबलू' पोखरना ।**




शीतल भवन, कोटड़ी में चातुर्मास प्रवासरत उपप्रवर्तक राकेश मुनि महाराज ने मंगलवार को धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि ÷धर्म के लिए समय का इंतजार नहीं करना चाहिए। जीवन क्षणभंगुर है, कब अंत का बुलावा आ जाए, कहा नहीं जा सकता।

उन्होंने कहा कि दुर्लभ मानव जीवन प्राप्त होने के बावजूद अधिकांश लोग धन व मोह के पीछे भागते हैं और धर्म से विमुख रहते हैं, जो कि मोक्ष मार्ग की बाधा है। यदि जीवन को मोक्षगामी बनाना है तो त्याग, तप, संयम और आराधना को अपनाना अनिवार्य है। मुनिश्री ने कहा कि जिसने समय का महत्व नहीं समझा, वह धर्म का महत्व भी नहीं समझ सकता।

इस अवसर पर महासती श्यामा म.सा. ने भावपूर्ण गीतिका प्रस्तुत की, जबकि साध्वी सुदर्शनाजी म.सा. ने प्रवचन में समता, समभाव और सामायिक के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सामायिक केवल धर्मस्थान तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि जीवन में हर पल उसका पालन करना चाहिए। नवदीक्षित रमेश मुनिजी म.सा. ने भी अपने विचार साझा किए।

कार्यक्रम का संचालन पूर्व अध्यक्ष नवरतनमल पोखरना ने किया। जैन श्रावक संघ कोटड़ी के अध्यक्ष निर्मल लोढ़ा और मंत्री प्रकाश पोखरना ने सभी श्रावक-श्राविकाओं से अधिक से अधिक संख्या में धर्मसभा में सपरिवार उपस्थित होने और तप आराधना में भाग लेने का आह्वान किया।

# घर से लापता मासूम आरती की लाश एनिकट में मिली, पुलिस जांच में जुटी

**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला**



थाना क्षेत्र के मांगटला गांव में मंगलवार सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई जब गांव के एनिकट में एक मासूम बच्ची का शव तैरता हुआ मिला। मृतक बच्ची की पहचान 19 महीने की आरती पुत्री देवी सिंह के रूप में हुई है।

परिजनों के अनुसार, सोमवार दोपहर करीब 1 बजे देवी सिंह अपनी पत्नी काली के साथ खेत पर गया था। उस समय आरती अपने अन्य पांच भाई-बहनों के साथ घर में सो रही थी। दोपहर करीब 3 बजे जब माता-पिता खेत से लौटे तो आरती घर में नहीं मिली।

उन्होंने आसपास तलाश की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। काछोला पुलिस को सूचना देने के बाद सर्च अभियान चलाया गया, लेकिन रात तक कोई सुराग नहीं लगा। मंगलवार सुबह करीब 10 बजे बच्ची का शव गांव से करीब 500 मीटर दूर स्थित एनिकट में पानी की सतह पर तैरता हुआ मिला।

पुलिस ने शव को बाहर निकलवाकर मांडलगढ़ हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाया और पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है ।

# वाइब्स क्लब के लहरिया फेस्ट में छाया रंग-रूप और राजस्थानी रिवाज

## दीपिका बनीं मिसेज वाइब्स लहरिया, श्वेता और पूनम रनरअप

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**




सावन की रिमझिम फुहारों के बीच वाइब्स क्लब की ओर से एक निजी होटल में पारंपरिक सावन लहरिया महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें राजस्थानी संस्कृति, रंग-बिरंगे परिधान और उत्सव का उल्लास देखने को मिला। संस्थापक अर्चना अग्रवाल और ज्योति आर्या ने बताया कि कार्यक्रम में राजस्थानी नृत्य, गायन, प्रश्नोत्तरी और ब्यूटी कॉन्टेस्ट जैसी प्रतियोगिताएं रखी गईं, जिनमें 50 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम संयोजिका दिव्या बोरदिया, नमिता जैन, शिल्पी चौधरी और दीपिका सोनी ने मंच संचालन किया।कार्यक्रम की शुरुआत प्रीति बोहरा ने राजस्थानी गीत से की, जबकि कनिष्का तातेड़ के भवाई नृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।मुख्य आकर्षण रही मिसेज वाइब्स लहरिया प्रतियोगिता, जिसमें तीन राउंड के बाद दीपिका अर्जुन सोनी को विजेता घोषित किया गया। श्वेता जैन फर्स्ट रनरअप और पूनम चौहान सेकंड रनरअप रहीं।इसके अलावा सुरभि चौपड़ा को मिस ग्रेसफुल वॉक, शालू अग्रवाल को मिस ट्रेडिशनल एलिगेंस, और दीपिका सोनी को मिस वाइब्रेंट के खिताब से नवाजा गया।

निर्णायक के रूप में एकता ओस्तवाल, कल्पना माहेश्वरी और कृष्णा नौलखा मौजूद रहीं।

# महिला समूह के लोन से ठगी, निजी बैंक का पूर्व शाखा प्रबंधक गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**



एक निजी बैंक की स्थानीय शाखा में कार्यरत रहे पूर्व शाखा प्रबंधक नरेंद्र गोचर को महिला स्वयं सहायता समूह के नाम पर लोन राशि में हेराफेरी कर 1.83 लाख रुपये की धोखाधड़ी के आरोप में शाहपुरा थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद दो दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा गया है।

थाना पुलिस के अनुसार, नरेंद्र गोचर पुत्र जमनाशंकर गुर्जर निवासी काली तलाइ (हरिपुरा झालाना), जिला बूंदी, शाहपुरा स्थित निजी बैंक में शाखा प्रबंधक के पद पर कार्यरत था। इस दौरान उसने एक महिला स्वयं सहायता समूह के नाम पर 2.40 लाख रुपये का लोन स्वीकृत करवाया। समूह की महिलाएं पढ़ी-लिखी नहीं थीं, जिसका फायदा उठाते हुए गोचर ने उनके एटीएम कार्ड व दस्तावेज अपने पास रख लिए।

पुलिस के अनुसार, आरोपी ने लोन की राशि से कुछ किश्तें तो बैंक में जमा कीं, लेकिन शेष 1.83 लाख रुपये स्वयं हड़प लिए। जब बैंक को इस अनियमितता की जानकारी लगी, तो उसे तत्काल पद से हटा दिया गया।


बैंक के वर्तमान शाखा प्रबंधक की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस टीम ने आरोपी को उसके गांव से हिरासत में लेकर शाहपुरा लाया और पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया। अब पुलिस आरोपी से गबन की गई राशि की बरामदगी के प्रयास में जुटी है।

# सिम्स हॉस्पिटल में यूआईटी की बड़ी कार्रवाई, शौचालय व कैंटीन सील

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

शहर के प्रमुख निजी अस्पताल सिम्स में मंगलवार शाम उस समय हलचल मच गई, जब नगर विकास न्यास (यूआईटी) की टीम अतिक्रमण की शिकायतों की जांच करने पहुंची। मौके पर पहुंची टीम ने अस्पताल परिसर में बने शौचालय और कैंटीन को सील कर दिया।

यूआईटी को लंबे समय से अस्पताल में अवैध निर्माण की शिकायतें मिल रही थीं। कार्रवाई में तहसीलदार के नेतृत्व में अधिकारी दल करीब दो घंटे तक अस्पताल परिसर की जांच करता रहा। जांच में अस्पताल के पिछले हिस्से में नियम विरुद्ध बने शौचालय और कैंटीन पाए गए, जिन्हें तुरंत सील कर दिया गया।



## QUICK BITES

# शादी के दो माह बाद युवक की संदिग्ध हालात में मौत, बाइक के पास मिला शव

**भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर**



काली मगरी रोड पर मंगलवार सुबह एक युवक का शव सड़क किनारे बाइक के पास लहूलुहान हालत में मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को गंगापुर अस्पताल भिजवाया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

मृतक की पहचान काली मंगरा का खेड़ा निवासी 21 वर्षीय दशरथ सिंह पुत्र केसर सिंह के रूप में हुई है। वह जेसीबी ऑपरेटर था और घर से कुछ दूरी पर ही काम करता था। परिजनों ने बताया की दशरथ सोमवार सुबह एक सामाजिक कार्यक्रम में गया था। रात 9:30 बजे आखिरी बार अपने भाई से फोन पर बात हुई, इसके बाद मोबाइल बंद हो गया।

एएसआई शंकरलाल ने बताया कि मामला प्रथम दृष्टया सड़क दुर्घटना जैसा प्रतीत हो रहा है । पुलिस मामले की जांच में जुटी है । युवक की दो माह पूर्व ही शादी हुई थी।

# वरिष्ठजनों के लिए आयुष्मान कार्ड रजिस्ट्रेशन शिविर आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**




वरिष्ठ नागरिक मंच व चिकित्सा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 70 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों के लिए आयुष्मान भारत योजना व प्रधानमंत्री वय वंदन योजना के तहत रजिस्ट्रेशन व ई-केवाईसी शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सीएमएचओ डॉ. सी.पी. गोस्वामी ने दीप प्रज्वलन कर किया।

डॉ. गोस्वामी ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य सुरक्षा देना समाज की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इस शिविर में बड़ी संख्या में वरिष्ठजनों का आयुष्मान कार्ड हेतु पंजीयन किया गया।

शिविर में मंच से मदन खटोड़, श्याम डाड़, कृष्ण गोपाल सोमानी सहित चिकित्सा विभाग से बीपीओ कुलदीप शर्मा व डीपीसी प्रदीप दाधीच समेत कई अधिकारी मौजूद रहे। लाभार्थियों को योजनाओं की जानकारी देकर ऑन-द-स्पॉट पंजीयन किए गए।

# श्रावण मास में नगर निगम के सहस्त्रधारा अभिषेक कार्यक्रम जारी

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



नगर निगम द्वारा श्रावण मास में 70 मंदिरों में सहस्त्रधारा अभिषेक के क्रम में मंगलवार को वार्ड 14 व 15 में आयोजन हुआ। वार्ड 15 स्थित अनंतेश्वर महादेव मंदिर में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा व पार्षद नैना व्यास तथा वार्ड 14 के सी सेक्टर शिव मंदिर में प्रताप मंडल अध्यक्ष नागेंद्र सिंह राव की मौजूदगी में अभिषेक हुआ।

पंडित योगेन्द्र शर्मा व सहयोगियों ने विधिवत अभिषेक संपन्न कराया। इस दौरान अनेक श्रद्धालु एवं वार्डवासी मौजूद रहे।

वही बुधवार सुबह 7.30 बजे वार्ड 58 के नांदेश्वर महादेव मंदिर और शाम 4 बजे वार्ड 21 के राधे पार्क शिवालय में सहस्त्रधारा अभिषेक होगा।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट के सामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890